अन्तरबहिश्चतत्सर्वम् व्याप्यानारायण स्थितः,
अनन्तमव्ययम् कविगुम् समुद्रेन्तम् विश्वशम्भुवम्
पद्मकोश प्रतीकाशगुम् हृदयम् चाप्यधोमुखम्
अधोनिषट्या वित्सत्यान्ते नाभ्यामुपरि तिष्ठति।
ज्वालामालाकुलंभाती विश्वस्यायातनम् महत।
सन्ततंगुम् सिलाभिस्तुंलंबत्या कोशसन्निभम्।
तस्यान्ते सुशिरंगुम्सूक्ष्मम् तस्मिनसर्वम् प्रतिष्ठितम्
तस्यमध्ये महानग्निंर्विश्वारचिर्विश्वतो मुखः
सोग्रभूग्विभजन्तिष्ठान्नाहार मजरः कविः
तिर्यगूर्ध्वा मधश्शायीरश्मया स्तस्य संतता
संतापयति स्वंदेह मापादतलमस्तकः
तस्यमध्ये वह्निशिखा अणीयोर्ध्वा व्यवस्थितः
नीलतो यद मध्यस्ता विद्युल्लेखेव भास्वरा,
नीवार शूकवत्तनवी पीताभा स्तण्यूपमा,
तस्याश्शिखया मध्ये परमात्मा व्यवस्थितः
सब्रह्म सशिवः, सहरिः, सेन्द्रः सोक्षरः परमास्वराट
बुतगुम् सत्यंपरम् ब्रह्म पुरुषम् कृष्ण पिंगलम्
ऊर्धरेतं विरूपाक्षम् विश्व रूपाय वै नमो नमः
ॐ नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धीमहि तन्नो विष्णु प्रचोदयात्
राजाधिराजाय प्रसन्न साहिने। नमोवयंवैश्रवणाय कुरमहे
समेकामान्कामकामाय मह्यम् कामेश्वरौ वै श्रवणोदधातु
कुबेराय वै श्रवणाय महाराजाय नमः।
ॐ तद् ब्रह्म, ॐ तद् वायु, ॐ तदात्मा,
ॐ तत्सत्यम्, ॐ तत्सर्वम्, ॐ तत्पुरोम् नमः
अन्तः चरति भूतेषु गुहायम् विश्वमूर्तिषु,
त्वम् यज्ञ स्त्वम् वषट्कारस्त्वगुम् मिन्द्रस्त्वम् रुद्रस्त्वम्

विष्णुस्त्वम् ब्रह्मस्त्वम् प्रजापतिः

त्वम् तदाप आपोज्योति रसोमृतम् ब्रह्म भूर्भुवः सुवरोम्।

गदा पुनश्शङ्खरथाज्ञ कल्पक ध्वजारविन्दांकुश वज्रलाञ्चित

हे श्रीनिवास त्वच्चरणाम्बुज द्वयम् मदीय मूर्धान् मलज

ॐ निरंजनाय विद्महे निराभासाय धीमहि

तन्नौ श्रीनिवासः प्रचोदयात्

श्री लक्ष्मी पद्मावती समेत श्री बालाजी स्वामिने नमः

सुवर्ण दिव्य मंत्रपुष्पम् समर्पयामि।

प्रदक्षिण नमस्कारः

यानि कानि च पापानि जन्मान्तरकृतानिच

तानि तानि प्रणश्यन्ति प्रदक्षिण पदे पदे

श्लोक- पापो हम पापकर्माहम् पापात्मा पापसम्भवः

त्राहि माम् कृपमया देव शरणागतवत्सल।

श्लोक- अन्यधा शरणम् नास्ति त्वमेव शरणम् मम

तस्मातकारुण्य भावेन रक्ष रक्ष जनार्दन।

श्री लक्ष्मी पद्मावती समेत श्री बालाजी स्वामिने नमः

आत्मप्रदक्षिण नमस्कारान् समर्पयामि।

(उपर्युक्त मंत्र पढ़ते हुए भगवान को स्मरण करते हुए तीन बार प्रदक्षिणा करें, साष्टांग प्रणाम कर फिर विविधोपचार पूजा करें।)

विविधोपचार पूजा

छत्रम् धारयामि, चामरम् वीचयामि, नृत्यम् दर्शयामि, गीतम् श्रावयामि, वाद्यम् घोषयामि, आन्दोलिकान् आरोहयामि, अश्वानारोहयामि, गजानारोहयामि, समस्त राजोपचार, शक्त्युपचार, मन्त्रोपचार, देवोपचार, सर्वोपचार पूजाम् समर्पयामि।

क्षमार्पणाम्

श्लोक- मंत्रहीनम् क्रियाहीनम् भक्तिहीनम् जनार्दन
यत्तपूजीतम् मयादेव परिपूर्णम् तदस्तुते
(नमस्कार करें)

अनयाध्यान वाहनादि षोडशोपचार पूजया च भगवान सर्वात्मकः। श्री लक्ष्मी पद्मावती समेत श्री बालाजी स्वरूपो भगवान सुप्रीत सुप्रसन्न वरदोभवतु। श्री बालाजी देव प्रसादं शिरसा गृहणामि।

चरणामृत ग्रहण करनाः

श्लोक- अकाल मृत्यु हरणं सर्वव्याधि निवारणं
सर्व पापक्षयकरं देव पादोदकम् पावनं शुभम्
(कहते हुए भगवान के चरणामृत को ग्रहण करें)

नैवेद्यम् : ॐ भूर्भुवः सुवः ॐ तत्सवितुरवरेण्यम् भर्गो देवस्य धीमहि धियोयोनः प्रचोदयात् सत्यम् त्वर्तेन परिषिञ्चामि, अमृतमस्तु अमृतोपस्तरणमसि

ॐ प्राणाय स्वाः ...ॐ अपानाय स्वाः... ॐ व्यानाय स्वाः...

ॐ उदानाय स्वाः ...ॐ समानाय स्वाः.... ॐ ब्रह्मणेस्वाः...

श्री लक्ष्मी पद्मावती समेत श्री बालाजी स्वामिने नमः। महा नैवेद्यम् समर्पयामि।

अमृतापिधानमसि उत्तरा पोशनम् समर्पयामि, हस्तौ प्रक्षालयामि, पादौ प्रक्षालयामि, शुद्ध आचमनम् समर्पयामि।

ताम्बूलम् समर्पयामि, सुवर्ण मन्त्रपुष्पम् समर्पयामि, प्रदक्षिण नमस्कारन् समर्पयामि, अध्यान वाहनादिषोडशोपचार पूजया भगवान सर्वात्मकः। श्री लक्ष्मी पद्मावती समेत श्री बालाजी स्वामि सुप्रीतसु सुप्रसन्नो वरदो भवतुः। श्री लक्ष्मी पद्मावती समेत श्री बालाजी स्वामि प्रसादम् शिरसा गृहणामि।

उद्वासनं (पुनः पूजा)- यज्ञेनयज्ञंयजन्त देवाः तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्, तेहनाकम् महिमानस्सचंते यत्रपूर्वे साध्या सन्ति देवाः।

श्री लक्ष्मी पद्मावती समेत श्री बालाजी स्वामि यथा स्थानं उद्वास्यामि।

प्रथम अध्याय

श्री भगवान उवाचः

कलियुग में एक दिन एक शुभ मुहूर्त में तिरुमला पहाड़ पर जिसे भूलोक का वैकुण्ठ कहा जाता है, 'विश्वपति' नामक एक भक्त पर विष्णु की कृपा हुई। श्री विष्णु के अवतार श्री बालाजी (वेंकटेश्वर) जो यहाँ श्रीनिवास के रूप में पूजे जाते हैं, ने उनको 'श्री बालाजी' व्रत कथा नाम से प्रसिद्ध इस ग्रन्थ की रचना करने की आज्ञा दी। और कहा- 'हे! मेरे प्रिय भक्त! विश्वपति, मेरे प्रिय होने के कारण इस व्रत को विस्तार रूप से मैं तुम्हें बताता हूँ, सुनो। यह व्रत मुझे अति प्रिय है। आसान होने के कारण इसे सभी लोग सम्पन्न कर सकते हैं।

कलियुग में मानव अपने पाप कर्मों का फल भोगता है, अनेक कष्ट सहते हुए जीवन निर्वाह करता है। कुछ भक्त मुझे अपने कष्ट बताकर उन्हें दूर करने को कहते हैं। बहुत से पैसे खर्च कर तिरुमला यात्रा करते हैं और मुझे देखने आते हैं।

मेरे भक्तों से मुझे प्रेम है। वे मुझ पर अपना पूरा भार डाल देते हैं। मैं उन्हें धर्म के मार्ग पर चलाता हूँ और उन्हें सहारा देता हूँ।

अभी मैं जो यह व्रत कथा तुम्हें बताने जा रहा हूँ वह 'श्री बालाजी व्रत कथा' के नाम से प्रसिद्ध होगा। यह मेरा अति प्रिय व्रत है। जो व्यक्ति इसे भक्ति और निष्ठा से करेगा वह तुरन्त पार पाएगा। कोई भी व्यक्ति कभी भी इस व्रत को सम्पन्न कर सकता है। मुख्य रूप से मार्गशीर्ष, माघ, कार्तिक महीनों में, पूर्णमासी, पंचमी, सप्तमी, एकादशी तिथियों में या श्रवण, स्वाति नक्षत्रों में इसे करना श्रेष्ठ होता है।

इस घोर कलियुग में मेरे भक्त जो कष्ट सह रहे हैं उन्हें मैं जानता हूँ। तुम्हें जब भी कोई कष्ट हो, कोई समस्या हो, स्वास्थ्य ठीक न हो, नौकरी, व्यापार में समस्याएँ हों, मन अशान्त हो तो व्रत सम्पन्न करना चाहिए। इससे सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। घर में शुभ कार्य होने पर, इस व्रत को सम्पन्न करने से बिना किसी समस्या के कार्य पूर्ण हो जाता है। इस व्रत को सम्पन्न करते ही सभी सुख प्राप्त होते हैं और अष्ट ऐश्वर्यों की प्राप्ति होती है।

सवेरे या शाम इस व्रत को सम्पन्न कर सकते हैं। इस व्रत में पाँच अध्याय है। इनका पठन भक्ति के साथ करना चाहिए। अपने घर में या निवास स्थान पर, मन्दिर में या किसी भी पवित्र स्थान में, नदी तट पर सम्पन्न कर सकते हैं।

यदि सम्भव हो तो अपने बन्धु मित्रों के साथ इसे सम्पन्न करने से ज्यादा श्रेष्ठ होता है। जो इसे सम्पन्न करते हैं या जो इसे सुनते हैं, व्रत सम्पूर्ण होने के बाद प्रसाद को भक्ति से स्वीकार करेंगे तो अष्ट ऐश्वर्यों की प्राप्ति होगी। इससे पहले भी मेरे भक्तों ने, कई मुनियों ने इस व्रत को सम्पन्न किया और मेरा आशीर्वाद प्राप्त किया। भूलोक में रहने वाले सभी को यह व्रत आनन्द प्रदान करेगा और शुभ फल भी प्राप्त होगा। शान्तचित्त से मुझे याद करते हुए इस व्रत का पालन करो।

सर्वप्रथम जहाँ व्रत करना चाहते हो, उस स्थल को साफ करो। मंडप की व्यवस्था कर मेरी तस्वीर जिसमें मेरी प्रिय सखियाँ श्री देवी, भू देवी हैं, उस तस्वीर को इस मंडप पर स्थापित करो। मंडप को दीवार से सटा कर भी रख सकते हो। अन्य किसी इच्छुक देवता की तस्वीर भी रख सकते हो। नवग्रहों और अष्ट दिक् पालकों को या तो मन ही मन नमस्कार करो या उनका आह्वान भी कर सकते हो।

सबसे पहले हल्दी से बने गणेश की पूजा करनी चाहिए। उसके बाद इस व्रत के पाँचों अध्यायों का निष्ठा के साथ पठन करना चाहिए। यही प्रथम अध्याय है।

अन्य चार अध्याय मेरे अत्यन्त प्रिय पात्र विश्वामित्र, वशिष्ठ, भरद्वाज, अत्रि मुनीश्वरों के प्रवचन रूप में है। पाँच अध्यायों को पढ़ने के बाद मेरे प्रिय श्लोक भी पढ़ सकते हो। हर अध्याय के अन्त में गोविन्द, गोविन्द, गोविन्द तीन बार स्मरण करना चाहिए।

आम लोगों के कष्टों को मैं जानता हूँ। इसीलिए मेरी एक बात सुनो। यदि किसी कारण इस व्रत को विस्तार रूप से सम्पन्न करने में कोई समस्या आ रही है तो मेरे तस्वीर को सामने रख कर पहले गणेश जी की फिर नवग्रह देवताओं और अष्ट दिक् पालकों को स्मरण कर, पाँच कहानियाँ पढ़ कर अपने मन में जो इच्छा है, उसे मुझे बताओ, मैं उसे प्रसाद के रूप में प्रदान करूँगा। इस प्रकार करने से भी कार्य की सिद्धि होती है। तुम्हारे कष्ट दूर हो जाएँगे और शुभ फल प्राप्त होगा।

जो व्यक्ति इस व्रत को भक्ति से सम्पन्न करेगा, मैं उसके घर किसी न किसी रूप में आकर प्रसाद स्वीकार करूँगा। मेरी कृपा आप सभी को हमेशा प्राप्त होगी।

श्री बालाजी ने तिम्मराजु विश्वपति रामकृष्णमूर्ति 'विश्वपति' को इस व्रत कथा को विस्तार से बताया। कलियुग वासी हम सभी इस व्रत को सम्पन्न कर श्री बालाजी की कृपा के पात्र बन सकते हैं। इस व्रत को सम्पन्न कर हम अपने सभी कष्ट दूर कर सकते हैं और उचित फल की प्राप्ति कर सकते हैं।

गोविन्द.... गोविन्द.... गोविन्द....

प्रथमोध्यायः समाप्तं

श्रियः कान्ताय कल्याण निधये निधयेर्धिनाम्

श्री वेंकट निवासाय श्री निवासाय मंगलम्

द्वितीय अध्याय

श्री विश्वामित्र उवाचः

महातपः सम्पन्न साक्षात् श्री विश्वामित्र ने हम पर कृपा प्रदान की, और प्रवचन करते हुए कहा- 'हे कलियुग वासियों! श्रीनिवास के प्रिय भक्तों! 'श्री बालाजी व्रत कथा' जिसे आप सम्पन्न कर रहे हो वह बहुत ही पवित्र है, महिमा से पूर्ण है। यह व्रत कलियुग में श्री नारायण जी की करुणा और दया प्राप्त करने का अत्यन्त सरल साधन है।प्राचीन काल में श्री बालाजी के प्रिय भक्तों ने इसे सम्पन्न कर अपनी कामनाओं को पूर्ण किया। इस व्रत कथा के बारे में हमें बताकर श्री बालाजी ने हमारे प्रति जो दया दिखाई है उसके लिए हम उन्हें प्रणाम करते हैं। प्राचीन काल में मगध राज्य में विष्णुचित्त नामक एक भक्त रहता था। उसकी नौ कन्याएँ थीं। विद्वान होने पर भी वह अत्यन्त गरीब था। विष्णुचित्त की पत्नि तारामति हमेशा नारायण जी की प्रार्थना करती रहती थी।

विवाहादि शुभ कार्य सम्पन्न कर जो भी पैसे दक्षिणा के रूप में मिलते थे उससे वे मुश्किल से अपना जीवन निर्वाह कर रहे थे। कन्याएँ यौवनावस्था में पार्दापण कर चुकी थीं। तारामति हमेशा इसी चिन्ता में रहती थी कि इन कन्याओं का विवाह किस प्रकार सम्पन्न होगें। वह बालाजी की प्रार्थना करते हुए सदा अपना समय गुजारती थी।

वह तो बालाजी की भक्त थी और बालाजी अपने भक्तों से अत्याधिक प्रेम करते हैं। उस दिन माघ पूर्णिमा थी। सवेरे एक वृद्ध ब्राह्मण ने विष्णुचित्त के दरवाज़े पर दस्तक दी। और कहा- 'हे स्वामी। मैं बंग देशका वासी हूँ। एक यज्ञ के सिलसिले में दूसरे देश को जा रहा हूँ, रास्ते में यहाँ आया हूँ।' मुझ पर दया करो और अपने घर में एक दिन के लिए रहने दो, कल सवेरे ही मैं यहाँ से चला जाऊँगा।' उन की बातें सुनकर विष्णुचित ने कहा- 'नाथ! इससे बढ़कर खुशी और क्या होगी। अतिथि साक्षात् श्री नारायण जी के समान होते हैं। ऐसे हमारे पुराणों में कहा गया है। आप बिना किसी संकोच के हमारे घर में रह सकते हैं।' ऐसा कह कर उसने उस वृद्ध ब्राह्मण को घर के अन्दर बुलाया और उनका सत्कार किया।

दोपहर में भोजन के बाद उस वृद्ध ने तारामति से पूछा - 'माता क्या बात है? तुम कुछ चिन्तित सी लगती हो? बिना किसी संकोच के बात बताओ।' तारामति ने कहा- 'स्वामी आप तो महातपस्वी हैं। आपके मुख का तेज उस वैकुण्ठ वासी के समान है। आप से क्या छुपाना। मेरी चिन्ता मेरी कन्याओं का विवाह है। उस पर वृद्ध ने कहा- 'माता! तुम्हारा दुःख मैं जानता हूँ। तुम्हारे सभी कष्ट दूर हों और तुम्हारी कन्याओं की शादी हों इसके लिए मैं एक अद्भुत व्रत बताता हूँ, सुनो। इस व्रत को सम्पन्न करने से तुम्हारे सभी कष्ट दूर हो जाएँगे। श्री बालाजी के व्रतों में से यह सबसे सरल है।' कहते हुए उन्होनें उस दम्पत्ति को पूरा व्रत विधान बताया।

व्रत विधान सुनकर विष्णुचित्त ने कहा- 'स्वामी, यह तो अत्यन्त संतोष की बात है, इससे बढ़कर सौभाग्य और क्या होगा? कहते है न- 'शुभस्य शीघ्रं'। आज माघ पूर्णिमा है, बहुत ही शुभ दिन है। आपके कथनानुसार हम आज ही इस व्रत को सम्पन्न करेंगे।' विष्णुचित्त ने पत्नि तारामाति, और सभी कन्याओं के साथ मिलकर उस दिन शाम में ही अपने बन्धु-मित्रों के साथ भक्ति और निष्ठा से बालाजी व्रत को सम्पन्न किया। वहाँ उपस्थित सभी लोगों ने व्रत पूरा होने के बाद चरणामृत, प्रसाद ग्रहण किया और अपने-अपने घर प्रस्थान किया। तब विष्णुचित्त और तारामति ने ब्राह्मण के चरणों को नमस्कार किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। ब्राह्मणोत्तम ने भी चरणामृत, प्रसाद ग्रहण किया और कहा- 'आपकी मनोकामना पूरी हो, श्री लक्ष्मी, श्री बालाजी की कृपा प्राप्त हो।'

अंधेरा हो चला था और निद्रा समय आसन्न था। विष्णुचित्त ने उस ब्राह्मण को एक फटी चादर देते हुए आँखों में आँसू लिए कहा- 'स्वामी! मैं अत्यन्त दरिद्र हूँ, इससे अच्छी चादर मेरे पास नहीं है 'मुझे क्षमा करें आज की रात इसी पर विश्राम करें।'

ब्राह्मण मुस्कुराते हुए बोले- 'कोई बात नहीं, मैं बाहर बरामदे में सो जाता हूँ।' कुछ समय बाद ही सभी निद्रा लोक में विचरण करने लगे।

आधी रात का समय था, बिजली की गड़गड़ाहट के साथ बारिश शुरू हुई। चारों ओर अंधेरा था.... कहीं कुछ नहीं दिखाई दे रहा था। विष्णुचित्त इस चिन्ता में थे कि वृद्ध ब्राह्मण बाहर कैसे सो रहे होंगे। उस समय कुछ सूझ भी नहीं रहा था। किसी तरह उन्होंने रात गुजारी... सवेरा हुआ... बारिश भी अब थम चुकी थी। पति-पत्नि यही सोच रहे थे कि बाहर ब्राह्मण की क्या दशा हुई होगी, कितना कष्ट सहा होगा उन्होंने। यही सोचते हुए वे बाहर आए, उन्हें एक अद्भुत दृश्य दिखाई दिया। ...वहाँ विप्रोत्तम नहीं थे। फटी हुई चादर की जगह रेशम का पिताम्बर रखा हुआ था। उस पिताम्बर पर 'श्री बालाजी की मूर्ति'– दिखाई दी। वे सब कुछ समझ गए। उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। उनके घर आए वृद्ध ब्राह्मण और कोई नहीं साक्षात् श्री नारायण जी ही थे। ...हे बालाजी! क्या भाग्य है हमारा ...पर हम उनको पहचान नहीं पाए। ...हमने उनको फटी हुई चादर दी यह सोचते हुए उन्होंने श्री बालाजी की मूर्ति को हाथ में लेकर आँखों से लगाया और घर के अन्दर आए... पूरा घर सोने से भरा हुआ था। जहाँ देखो वहाँ धन राशि। हे भगवान! श्री बालाजी की व्रत कथा की महिमा से ही यह सब सम्भव हो सका। ऐसा कहते हुए वे भगवान की स्तुति करने लगे।

आपने देखा! साक्षात् श्री बालाजी ही उस भक्त के घर आए थे। व्रत विधान बताया और चरणामृत, प्रसाद भी ग्रहण किया। श्री बालाजी बहुत ही करुणामय है। जो भी इस व्रत को भक्ति और निष्ठा से करेगा उसके घर स्वयं भगवान किसी न किसी रूप में आएँगे। आप सभी इस व्रत को सम्पन्न कर भगवान की कृपा प्राप्त कर सकते हैं।

श्री महर्षि विश्वामित्र जी ने यह द्वितीय कथा इस तरह बताई

- 'श्री लक्ष्मी श्रीनिवास कटाक्षं सिद्धिरस्तु।'

गोविन्द... गोविन्द... गोविन्द...

द्वितीयोध्यायः समाप्तं

श्रियः कान्ताय कल्याण निधये निधयेर्धिनाम्

श्री वेंकट निवासाय श्रीनिवासाय मंगलम्।।

तृतीय अध्याय

श्री वशिष्ठ उवाचः

यह अध्याय महातपोनिष्ठ वरिष्ठ श्री वशिष्ठ मुनि ने श्री नारायण जी की कृपा से हमें विस्तार रूप से बताया है। 'हे कलियुग वासियों! श्री बालाजी के प्रिय भक्तों! वैकुण्ठ में निवास करने वाले श्री नारायण जी आज के तिरुमला में स्थित श्री बालाजी ही हैं। कलियुग वासियों के कष्टों को दूर करने के लिए भगवान आपके बहुत समीप तिरुमला पहाड़ पर अवतरित हुए हैं। श्री बालाजी को खुश करने के लिए यह व्रत उत्तम है और सरल भी। इस व्रत को जो भक्ति और निष्ठा से सम्पन्न करता है, उसे सभी सुख प्राप्त हो जाते हैं।

प्राचीन समय में अवन्ती देश में भाग्यनगर नामक एक नगर था। नाम के ही अनुरूप वहाँ अनेक धनवान (व्यापारी) रहते थे। पर वे अपनी संपत्ति को देख घमंड करते थे और आम लोगों को हीन दृष्टि से देखते थे। धन-दौलत उनकी स्वार्जित है सोच कर घमंड करते थे। भगवान की नित्य पूजा-पाठ तो उन्होंने पहले ही छोड़ दी थी। कम से कम विशेष दिनों में भी वे न मन्दिर जाते, न पूजा करते, न ही दीप जलाते। एक दिन इस संसार के सृष्टिकर्ता नारायण के मन में आया कि इन सभी को सीख देना चाहिए।

एक दिन सभी धनवान अपनी-अपनी पत्नियों के साथ प्रीति भोज में व्यस्त थे। उस नगर की पूर्व दिशा में ही श्री लक्ष्मी नारायण जी का मन्दिर था जहाँ-दीप जलाने वाला कोई नहीं था। उस दिन विशेष एकादशी थी, जिसे एक पर्व दिन भी माना जाता है। पर उस नगर के एक भी धनवान के मन में मन्दिर में पूजा करने का विचार नहीं आया। शाम होते-होते आकाश में घने बादल छा गए और मूसलाधार बारिश होने लगी। व्यापारियों के घर पानी से भर गए। चारों ओर अंधकार ही अंधकार था। सवेरे होने तक पूरा नगर पानी में डूब गया। व्यापारियों के घर टूट-फूट गए। उनका सारा ऐश्वर्य समाप्त हो गया।

ऐसा उपद्रव क्यों मचा... यह प्रलय कैसे हो गया। किसी को कुछ भी समझ में नहीं आ रहा था। इतने में उन्हें एक विचित्र दृश्य दिखाई दिया। नगर के बाहर जो झोपड़ियाँ थीं वे तो वैसी की वैसी ही थीं। उनको आश्चर्य हुआ... इतनी बारिश में भी ये कैसे सही सलामत रहीं?... वे ऐसा मन ही मन सोच रहे थे कि इतने में बिजली कडकी और आकाशवाणी हुई।

ए मूर्खों! तुम्हारी संपत्ति तुम्हारी अपनी है, स्वार्जित है सोचते रहते थे न इसीलिए ऐसा हुआ है... इस झोपड़ी में रहने वाला देव मेरा प्रिय भक्त है। आम आदमी होने पर भी देव नित्य तुम्हारे नगर में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर में दीप जलाता रहता था। इतना ही नहीं हर एकादशी के दिन यथा सम्भव वह श्री बालाजी व्रत कथा भी सम्पन्न करता था, इसीलिए इन झोपड़ियों में रहने वाले सभी लोग सुरक्षित रहे। आप सभी यदि व्रत सम्पन्न करेंगे तो अपने-अपने ऐश्वर्य को पुनः प्राप्त कर सकते हैं। आकाशवाणी सुनते ही तुरन्त वे सभी लोग उस मन्दिर में गए और जैसे, सम्भव हो सका, वैसे सभी लोगों ने एक-दूसरे के सहयोग से श्री बालाजी की व्रत कथा सम्पन्न की। ऐसा करते ही सभी को उनके घर पूर्व रूप में ही प्राप्त हो गए। तब से वे सभी श्री बालाजी के भक्त बन गए और हर एकादशी को श्री बालाजी का व्रत सम्पन्न करते और सुख-शान्ति प्राप्त कर रहने लगे। अन्त में उन्होनें मुक्ति भी प्राप्त की।' वशिष्ठ जी ने इस प्रकार इस कथा को सुनाया।

गोविन्द... गोविन्द... गोविन्द....

तृतीयोध्यायः समाप्तं

श्रियः कान्ताय कल्याण निधयेनिधयेर्धिनां

श्री वेंकट निवासाय श्रीनिवासाय मंगलं।।

चतुर्थ अध्याय

श्री भरद्वाज उवाचः

श्री नारायण जी को 'श्री बालाजी व्रत कथा' अत्यन्त प्रिय है। चतुर्थ अध्याय के रूप में हमारे सामने श्री भरद्वाज मुनि द्वारा बतायी गयी कहानी इस प्रकार है- 'हे कलियुग वासियों, श्री नारायण के प्रिय भक्तों! आप जिस व्रत को सम्पन्न कर रहे हैं वह अद्भुत है। आपकी मनोकामनाओं को पूर्ण करने का साधन है। श्री बालाजी को प्रसन्न करने का यह अत्यन्त सरल उपाय है। आप सभी पर कृपा करने के लिए ही बैकुण्ठ वासी भगवान श्रीनिवास के रूप में तिरुमला पहाड़ पर अवतरित हुए हैं। अनेक जन्मों के पुण्य फल से ही तिरुमला पहाड़ पर पैर रखने का सौभाग्य प्राप्त होता है। और भगवान के दर्शन भी सम्भव होते हैं। इसी तरह इस 'व्रत कथा' को सम्पन्न करने का संकल्प भी पूर्वजन्म के पुण्य फल से ही सम्भव होता है। जो व्यक्ति इस व्रत को सम्पन्न कर रहे हैं, या जो इस कथा को सुन रहे हैं, या जो भगवान के प्रसाद को ग्रहण करते हैं उन्हें भगवान की कृपा प्राप्त होती है और वे सौभाग्य भी पाते हैं।

प्राचीन काल में 'नगरी' नामक एक ग्राम में धनगुप्त नाम का एक व्यापारी रहता था। वह बहुत ही लालची था। ऐश्वर्य प्राप्त करने पर भी उसका लालचीपन कम नहीं हुआ। यह समस्त ऐश्वर्य उसका ही कमाया हुआ है सोचकर वह बहुत घमंड करता था। अहंकार मनुष्य का नाश करती है।

धनगुप्त की पत्नि कान्तिमती अत्यन्त भक्ति भावना रखती थी और निष्ठा से भगवान की पूजा करती थी। उनकी तीन कन्याएँ थीं। तीसरी कन्या 'कुमारी' में भक्ति भावना ज्यादा थी। वह हमेशा बालाजी का नाम ही जपती रहती थी।

पिताजी को बिना बताए वह जब-तब श्री बालाजी के मन्दिर में जाती थी और भगवान के दर्शन करती थी। घर आकर पिताजी को छोड़ अन्य सभी के साथ प्रसाद स्वीकार करती थी। पति के ऐसे व्यवहार से कान्तिमती थोड़ी चिन्तित होती।

एक दिन ‘कुमारी’ की सहेली के घर पर ‘श्री बालाजी’ का व्रत सम्पन्न हो रहा था, यह जानकर वह वहाँ गई।व्रत पूरा होने तक दोपहर हो चुका था। थोड़ा सा प्रसाद उसने ग्रहण किया और थोड़ा वह अपने घर वालों के लिए एक कागज़ की पुड़िया में ले कर चली। बीच रास्ते में उसे प्यास लगने लगी। धूप भी बहुत तेज थी। उसने सोचा थोड़ी देर कहीं रुक कर, प्यास बुझाकर फिर चलूँ तो ठीक रहेगा। तभी उसे याद आया कि उसके पिता की दुकान अगली गली में ही तो है, वहाँ जाकर उसने पिताजी को बिना बताए पिताजी से पानी माँग कर पिया और इस डर से कि पिताजी गुस्सा करेंगे उसने जल्दी-जल्दी पानी पिया और इसी घबराहट में प्रसाद की पुड़िया वहीं दुकान में भूलकर चली गई।

बाज़ार में हडकंप मच गया। लोग हाहाकार मचाते हुए इधर-उधर भागने लगे। आगजनी के कारण उस गली की सभी दुकानें जल कर राख होने लगीं। वैसे ही दोपहर का समय था ...उसके ऊपर गर्म हवाएँ चल रही थीं... धनगुप्त का शरीर डर से काँपने लगा.... ‘कुछ ही समय में उसकी दुकान भी जल कर राख हो जाएगी...’ इस विचार से उस के हाथ-पैर काँपने लगे। सभी लोग अपनी-अपनी दुकानों में से बाहर आकर इधर-उधर भागने लगे। पर धनगुप्त वहीं खड़ा रह गया। ...दुकान छोड़कर जाने का मन नहीं कर रहा था... यदि वह दुकान में रहेगा तो जलकर राख हो जाएगा... सोचते हुए उसने घबराहट में उसके हाथ लगी पुड़िया को उठा लिया और बिना सोचे-विचारे जो चीज़ हाथ में आई उसे मुँह में डाल लिया। उसे कुछ मीठा-मीठा सा पदार्थ लगा और मन भी शान्त लगने लगा।

तभी एक अद्भुत घटना घटी... आग धनगुप्त के दुकान तक आकर रुक गई। ...आग की लपटें वहाँ नहीं आ पाईं। ...यह कैसी विचित्र बात है... यह कैसी माया है। ...धनगुप्त के मुँह से एक भी बात नहीं निकल पाई। ...उधर आगजनी की खबर सुनकर पत्नि कान्तिमती, अपनी कन्याओं के साथ, बालाजी का स्मरण करती हुई दौड़ती हुई वहाँ आई। ...आग उनके दुकान तक आकर कैसे रुक गई यह देख कर उसे आश्चर्य हुआ। तभी कुमारी को दुकान में भूली हुई पुड़िया की याद आई... धनगुप्त को समझने में देर नहीं लगी कि उसने जो चीज़ मुँह में डाला था वह और कुछ नहीं भगवान का प्रसाद ही है। और उसकी महिमा से ही वे इस दुर्घटना से चूक गए।

धनगुप्त ने श्री बालाजी से क्षमा माँगी, गाल बजाए। शाम में ही नगरवासियों को बुलाकर 'श्री बालाजी की व्रत कथा' सम्पन्न की। तब से वह भगवान की सेवा में लीन हो गया और अन्त में मोक्ष भी प्राप्त की। आपने देखा न कि केवल प्रसाद ग्रहण करने से ही वह कितनी बड़ी दुर्घटना से चूक गया। बालाजी की महिमा अद्भुत है। आप सभी भी यथा सम्भव व्रत को सम्पन्न कर भगवान की कृपा प्राप्त कर सकते हैं।' भरद्वाज जी ने इस प्रकार यह चतुर्थ कथा सुनायी।

गोविन्द... गोविन्द... गोविन्द...

चतुर्थोअध्यायः समाप्तं

श्रियः कान्ताय कल्याण निधये निधयेर्धिनाम्

श्री वेंकट निवासाय श्रीनिवासाय मंगलम्।।

पंचम् अध्यायः

श्री अत्रि उवाचः

तिरुमला-तिरुपति भूलोक का वैकुंठ धाम है। पुराणों में बताया गया है कि तिरुमला के समान पवित्र स्थल और श्री बालाजी जैसे देवता न तो पहले कभी हुए हैं और न कभी होंगे। श्रीनिवास के रूप में अवतरित श्री नारायण अपने भक्तों से बहुत प्रेम करते हैं। जो उन पर अपना पूरा भार डाल कर उन्हें नित्य स्मरण करते हैं, जो सदाचार से पूर्ण जीवन बिताते हैं वे उनकी रक्षा करते हैं। ऐसे श्री बालाजी को प्रसन्न करने का सबसे सरल उपाय है- 'श्री बालाजी की व्रत कथा।'

इस अद्भुत व्रत कथा के बारे में महा तपः सम्पन्न श्री अत्रि महर्षि ने कृपा करते हुए कहा है- 'हे! बालाजी के प्रिय भक्तों! कलियुग में आपके सौभाग्य के बारे में क्या कहना। कृतयुग, त्रेतायुग और द्वापर युग में अत्यन्त कठोर तप-जप करने पर भी प्रसन्न न होने वाले श्री नारायण, इस युग में केवल नामस्मरण से ही आप लोगों पर कृपा कर रहे हैं। विश्वास के साथ उन्हें बुलाने पर वे तुरन्त कृपा प्रदान करते हैं। ऐसे करुणामय है श्री बालाजी। पवित्र तिरुमला पर तुम्हारा रखा हर कदम अनेक जन्मों के पुण्य फल के समान है।

प्राचीन काल में 'कौमार' देश में 'मित्र' नामक एक धोबी रहता था। वह अपने काम-के साथ-साथ धार्मिक कार्य करता हुआ जीवन निर्वाह कर रहा था। उसकी अपंगता ही उसकी चिन्ता थी। इसी कारण धोए हुए कपड़ों की पोटली बनाकर, घर-घर घूमकर उन्हें लोगों तक पहुँचाना उसे धीरे-धीरे मुश्किल लगने लगा। उसके ऊपर उसका परिवार भी बड़ा था। बिना मेहनत किए उसे भर पेट खाने को भी नहीं मिलता था। हमेशा वह श्री बालाजी की पूजा करता रहता था। कभी न कभी भगवान उस पर कृपा करेंगे, इसी विश्वास से वह अपना जीवन गुज़ार रहा था। भक्तों पर कृपा करने वाले बालाजी सब कुछ देखते रहते हैं। जो व्यक्ति अपने कर्मों से निवृत्त हो जाते हैं उनके पास आकर, बालाजी किसी न किसी रूप में उनकी रक्षा करते हैं।

एक दिन शाम के समय हमेशा की तरह मित्र कपड़े धोकर कपड़ों की पोटली लादे धीरे-धीरे चलता हुआ आ रहा था। बीच रास्ते में उसे एक वृद्ध ब्राह्मण दिखाई दिए। गौरव की भावना से, बड़े होने के कारण मित्र ने अपने कंधे पर लदी हुई पोटली को नीचे उतारकर वृद्ध ब्राह्मण को नमस्कार किया। तब उस विप्रोत्तम ने कहा- 'तुम अपने इस पैर के कारण कितना कष्ट सह रहे हो। तुम्हारा दुःख देखा नहीं जाता। तब मित्र ने कहा-हे नाथ! आप बड़े हैं, बुजुर्ग हैं। भरापूरा परिवार होने के कारण मुझे इस काम से मुक्ति नहीं मिल रही है। किसी तरह मेरी यह अपंगता दूर हो, ऐसा कोई उपाय बताइए।

तब उस ब्राह्मण ने कहा- 'सुनो भई! मैं ज़रूर बताऊँगा। ध्यान से सुनो। मैं एक ऐसे व्रत के बारे में बताता हूँ जिसे सम्पन्न करने से तुम्हारी अपंगता दूर हो जाएगी। और तुम्हें अष्ट ऐश्वर्यों की प्राप्ति होगी। व्रत सम्पन्न करते ही तुम्हें हज़ार अशरफियाँ मिलेंगी... पर एक शर्त है... उसमें से आधे तुम मुझे दोगे। ...कल मैं फिर इसी समय यहाँ मिलूँगा।' तब मित्र ने कहा- 'स्वामी! इससे बढ़कर सौभाग्य और क्या होगा। आज ही इस व्रत के बारे में बताइए, मैं उसे सम्पन्न करूँगा।' मित्र के उत्साह को देख वृद्ध ने श्री बालाजी व्रत कथा के बारे में बताया।

मित्र दुगुने उत्साह के साथ घर आया, पूरी कहानी पत्नी को बताई और अड़ोस-पड़ोस के साथ मिलकर श्री बालीजी व्रत को सम्पन्न किया। चरणामृत, प्रसाद ग्रहण किया, घर आए सभी लोगों को भी दिया। ...तभी घर के बाहर कुछ कोलाहल सुनाई दिया। ...मित्र का बेटा बाहर से दौड़ता हुआ आया और बोला - 'पिताजी! पिताजी! राज-रक्षक आपके लिए आए हैं। राजा ने आपके लिए भेंट भी भेजी है।' इतने में रक्षक भी वहाँ आ गए। उन्होंने बताया कि उसकी नियुक्ति राज दरबार में धोबी के रूप में हो गई है। और राजा ने हज़ार अशरफियाँ पुरस्कार स्वरूप भेजी है। ऐसा कहकर उन्होंने मित्र के हाथ में हज़ार अशरफियों की पोटली रख दी। एक हफ्ते के अंदर-अंदर उसे आकर नौकरी में भर्ती होने को भी कहा। मित्र के आनन्द की सीमा नहीं थी। एक हफ्ता क्यों, कल ही क्यों नहीं सोच कर उसने अपनी पोटली-वोटली बाँधी और दूसरे

दिन सवेरे ही वह जाने को तैयार हो गया। इस जल्दबाजी में वह उस वृद्ध की बातें भूल गया। बीच रास्ते में उसे उसकी बात याद आई, पर ठीक है... अगले महीने मिल लेता हूँ सोच कर वह राजदरबार में अपने काम पर लग गया। दिन ....महीने बीतने लगे। ब्राह्मण के वेश में आए भगवान को गुस्सा आ गया। भगवान ने सोचा मनुष्य की प्रवृत्ति ऐसी ही होती है। उसे मुझे अपनी महिमा बतानी होगी।

दूसरे ही दिन राणिवास से आभूषण चोरी हो गए ...चोरी का इल्ज़ाम मित्र पर लगा।

मित्र को कारावास की सज़ा हुई। ...राज रक्षकों ने उसे तरह-तरह की यातनाएँ दीं। ...ऐसा क्यों हुआ ...उस पर यह इल्ज़ाम क्यों लगा, सोचते हुए मित्र को रात में, सपने में भगवान दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि वृद्ध ब्राह्मण के रूप में वे ही आए थे, क्योंकि वह अपनी बात से मुकर गया इसलिए यह सब हुआ है...' तब मित्र ने कहा- 'हे नाथ! मैं पापी हूँ... मैंने बहुत बड़ा पाप किया है.... कृपया मुझ पर दया कीजिए... अब से मैं हर महीने आपका व्रत सम्पन्न करूँगा। मेरी आय का आधा भाग जीवन भर आपको समर्पित करूँगा।' गाल बजाकर उसने भगवान की हर तरह से प्रार्थना की। भक्तों की पुकार सुनने वाले भगवान ने खुशी-खुशी मित्र पर कृपा कर दी। भगवान की कृपा से रानी जी के आभूषण दूसरे ही दिन मिल गए। राजा ने यह भी जान लिया कि मित्र ने चोरी नहीं की थी। मित्र को कारावास से रिहा कर दिया गया। तब से मित्र भगवान को दिए वचन अनुसार हर महिने श्री बालाजी का व्रत सम्पन्न करने लगा, और अपनी आय का आधा भाग भगवान को अर्पित करता रहा। सुख पूर्ण जीवन बिताते हुए उसने अन्त में मोक्ष भी प्राप्त किया।'

(श्री अत्रि जी ने ऐसा कहकर पाँचवें अध्याय को समाप्त किया।)

ऐसा ही श्री अत्रि जी ने
इस प्रकार पंचम और
आखरी कथा सुनाया।
गोविन्द... गोविन्द... गोविन्द...

पञ्चमोअध्यायः समाप्तं

श्रियः कान्ताय कल्याण निधये निधयेर्धिनाम्
श्री वेंकट निवासाय श्रीनिवासाय मंगलम्।।
अथ श्री बालाजी व्रत कथा समाप्तम्